जसवंत मॉर्डन सी0 से0 स्कूल ग्रीष्मकालीन अवकाश गृहकार्य (2025–26) कक्षा–9 विषय–हिन्दी

प्र.1) पाठ्य पुस्तक में से गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

पाठ–1 दो बैलों की कथा (पेज–9)

क) दोनों बैलों का ऐसा अपमान.........................................................................पकड़ाई में न आते।

1) दोनों बैलों का क्या अपमान हुआ ?
2) आहत सम्मान की व्यथा के कारण बैलों ने क्या किया ?
3) दूसरे दिन गया ने बैलों को कहां जोता ?
4) निर्दयी गया ने क्या किया ?
5) दानों बैलों ने क्या कसम खा ली थी ?

पाठ–2 ल्हासा की ओर (पेज–28)

ख) तिब्बत की ज़मीन बहुत .........................................................................खयाल करना चाहिए था।

1) तिब्बत की ज़मीन किनमें बंटी थी ?
2) जागीरों का बहुत ज्यादा हिस्सा किसके हाथ में था ?
3) जागीरदार को खेती के लिए मज़दूर कैसे मिलते थे ?
4) मठ की खेती का इंतजाम देखने के लिए किसे भेजा जाता था ?
5) नम्से कौन था ?

पाठ–9 साखियां और सबद (पेज–92) (पद–1)

ग) मानसरोवर.........................................................................अनत न जाहिं।

1) मानसरोवर के जल में कौन क्रीड़ा कर रहा है ?
2) हंस मुक्त होकर किसका आनंद ले रहें हैं ?
3) हंस को किसका प्रतीक माना गया है ?
4) मोती चुगने का क्या आशय है ?
5) कवि ने प्रभु भक्ति में लगे साधक को क्या कह कर संबोधित किया है?

प्र.2) निम्नलिखित प्रश्नों उत्तर एक शब्द में दीजिए– (इस जल प्रलय में)

1) रिपोर्ताज किस भाषा का शब्द है ?
2) फणीश्वरनाथ रेणु का जन्म कब हुआ था ?
3) लेखक ने कब स्वयं बाढ़ का अनुभव किया ?
4) 'कॉफी हाउस' देखने लेखक कैसे पहुंचे ?
5) 'अनर्गल' शब्द का अर्थ बताइए।
6) लेखक ने अपनी गृहस्वामिनी से क्या पूछा ?
7) बीमार नौजवान जब डाक्टर को दिखाने गया उसके साथ कौन था ?
8) ब्वाय स्काउट को और किस नाम से पुकारते हैं ?

प्र.3) दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।

1) विष 2) सपाट 3) प्रतीक्षा 4) दुर्दशा 5) पलटन 6) छुटपुट 7) निर्जन 8) फूहड़ 9) अतिथिशाला 10) कलरव

प्र.4.क) निर्देशानुसार वाक्य बदल कर लिखिए।

1) नौकरी मिलने पर घर का खर्च आराम से चलता है। (संकेतवाचक)
2) बीमार व्यक्ति अब चल–फिर सकता है। (प्रश्नवाचक)
3) उसने दिल्ली में मकान ले लिया है। (विस्मयवाचक)
4) नीरज कक्षा के बाहर खड़ा है। (आज्ञावाचक)
5) उसे मेरा उपहार मिल गया होगा। (संदेहवाचक)

प्र.4.ख) वाक्य के 8 भेदों के 5–5 वाक्य लिखिए।

प्र.5.क) दिए गए उपसर्ग और प्रत्यय की सहायता से दो–दो शब्द बनाइए।

1) उपसर्ग – अधि, उप, परि, सम्, सु, चौ, बद, खुश, कम, चीफ़
2) प्रत्यय – अन, अनीय, आर, पन, इक, इला, इया, ई, इन, साज

प्र.5.ख) तत्सम, तद्भव, देशज और विदेशी भाषा के उपसर्ग एवं प्रत्ययों के 5–5 शब्द लिखिए।

परियोजना कार्य ( प्र.6 से प्र. 9 तक)

प्र.6) दिए गए विषयों पर 250 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए–

1) वृक्षारोपण का महत्व 2) विश्व शान्ति और भारत 3) विज्ञापन का जीवन पर प्रभाव

प्र.7) दिए गए विषयों पर पत्र लिखिए–

क) अपनी नई कक्षा का वर्णन करते हुए अपने दादाजी को पत्र ।

ख) बिजली की समस्या से अवगत कराते हुए बिजली विभाग के अधिकारी को पत्र ।

प्र.8) हरिवंशराय बच्चन, मोहन राकेश और यशपाल की एक कहानी पढ़कर उन कहानियों पर परियोजना तैयार कीजिए।

प्र.9) निम्नलिखित रचनाकारों के जीवन परिचय और साहित्यिक उपलब्धियों पर एक परियोजना तैयार कीजिए–

1) महादेवी वर्मा 2) हरिशंकर परसाई 3) रसखान

प्र.10) क्षितिज– पाठ–1 दो बैलों की कथा, पाठ–2 ल्हासा की ओर व पाठ–9 साखियां और सबद के प्रश्न उत्तर याद कीजिए।

कृतिका– पाठ–1 इस जल प्रलय में के प्रश्न उत्तर याद कीजिए।

आवश्यक सूचना – प्रतिदिन एक पृष्ठ सुलेख लिख कर लेख सुधारिए।

प्रतिदिन हिन्दी शब्दकोश से 5 शब्द अर्थ सहित याद कर लिखिए